भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-570

जिसका उत्तर 21 नवम्बर, 2016 को दिया जाना है ।

दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत विद्युतीकरण संबंधी पूछताछ

570. श्री लाल सिंह वडोदियाः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार नगला-फतेला के बाद दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत हुए गाँवों के विद्युतीकरण की जांच सी.बी.आई. से कराने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने अभी तक इस संबंध में कोई कदम उठाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : जी, नहीं। ग्रामीण विद्युतीकरण की सूचना संबंधित राज्य सरकार/राज्य डिस्कामों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। डीडीयूजीजेवाई के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेन्सी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड ने डीडीयूजीजेवाई के अन्तर्गत नई निर्मित अवसंरचना के निरंतर विद्युतीकरण के लिए सभी तत्काल कदम उठाने के लिए राज्य को सलाह दी है।

****